# राजकीय महाविद्यालय कोसली में नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित

कोसली, [26 अगस्त] - राजकीय महाविद्यालय कोसली के नशा मुक्ति प्रकोष्ठ तथा यूथ रेड क्रॉस द्वारा नशे एवं उसके व्यक्ति एवं समाज पर दुष्प्रभाव विषय पर पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में नशीली दवाओं और तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था । प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा उन्होंने अपनी कला प्रतिभा को चार्ट पर बेहतरीन तरीके से दर्शाया । निर्णायक मंडल में सहायक प्राध्यापक श्री नागेश कुमार, डॉ. संध्या तथा एक्सटेंशन लेक्चरर सविता शामिल रहे । पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनिका , द्वितीय स्थान हिमानी और तृतीय स्थान प्रियांशी ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महक, द्वितीय स्थान ज्योति मेहरा और तृतीय स्थान तन्नू ने प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर लाज कौशल ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में युवा छात्रों में नशे का प्रकोप धीरे-धीरे अपनी जड़े जमा रहा है इसलिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय की नशा मुक्ति प्रकोष्ठ आयोजित करती रहती है तथा इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। डॉ.लाज ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत यह आयोजन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। नशा मुक्ति प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ जसमेर सिंह ने छात्रों को स्वास्थ्य पर नशे के पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ भी ग्रहण की । राजकीय महाविद्यालय कोसली में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में श्री सुरेंद्र कुमार, श्री मंजीत कुमार, श्री संदीप, डॉ. निशा, डॉ . मोनिया, रेनू यादव, नीलम यादव ,श्री जसवंत जाखड़, विकास कुमार, उपस्थित रहे।

09:56